11032025-DTM-07_27DT02A.qxd 3/10/2025 9:40 PM Page 1



### रोडवेज वर्कर्स यूनियन और ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट फेडरेशन ने की बैठक

# इलेक्ट्रिक बसें निजी हाथों में देने का विरोध, 24 को दिल्ली कूच करेंगे रोडवेज कर्मचारी

अम्बाला शहर, 10 मार्च (हप्र)

ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के आह्वान पर 24 मार्च को हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी दिल्ली कूच करेंगे। इसको लेकर आज हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ अम्बाला डिपो के कर्मचारियों ने मीटिंग की। मीटिंग की अध्यक्षता डिपो प्रधान रमेश शयोकंद ने की व मंच संचालन डिपो सचिव सर्वजीत सिंह ने किया।

मीटिंग को संबोधित करते हुए उप महासचिव पवन शर्मा, केंद्रीय कमेटी सदस्य जयवीर सिंह तालू, राज्य उप प्रधान विक्रम गुहणा व रमेश श्योकंद ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों की विभिन्न मांगे पिछले लंबे समय से लंबित हैं। सरकार कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान न करके उलटे विभाग को ही निजीकरण की तरफ धकेल रही है। नई इलेक्ट्रिक बसें प्राइवेट हाथों में देने के निर्णय का विरोध करते हुए मांग की कि सरकार इलेक्ट्रिक बसों को निजी हाथों में देने के निर्णय को रद्द करे व परिवहन विभाग में सरकारी बसें शामिल करे। उन्होंने कहा कि एक इलेक्ट्रिक बस के बदले साधारण 6 बसें आती हैं। ऐसे में लगभग 7200 से अधिक बसें उपलब्ध होंगी। एक बस पर 6 बेरोजगारों को रोजगार मिलता है। इस प्रकार सरकारी बसों पर 43200 बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और जनता को बेहतर परिवहन सेवा मिलेगी।

अम्बाला शहर में सोमवार को बैठक करते रोडवेज यूनियन नेता। -हप्र

**कर्मचारियों की ये हैं मुख्य मांगें**

यूनियनों की प्रमुख मांगों में किलोमीटर स्कीम, स्टेज कैरिज स्कीम 2016 रद्द करना, 362 रूटों पर 3658 प्राइवेट परमिट देने का निर्णय रद्द करने सहित निजीकरण ठेका प्रथा पर रोक लगाने, विभाग में 10000 सरकारी बसें शामिल करना, निजी इलेक्ट्रिक बसों की बजाय सरकारी इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने, सरकार द्वारा 2006 के बाद भर्ती सभी कर्मचारियों पर एनपीएस की बजाय पुरानी पेंशन स्कीम लागू करना आदि शामिल हैं।

**जंतर-मंतर पर एक दिन का देंगे धरना**

कर्मचारी नेताओं ने बताया कि मांगों को लेकर पूरे प्रदेश के हजारों रोडवेज कर्मचारी 24 मार्च को दिल्ली कूच में भाग लेकर जंतर मंतर पर एक दिन का सांकेतिक धरना देंगे। 8 मार्च को रोहतक में साझा मोर्चा की कन्वेंशन में लिए निर्णय अनुसार प्रत्येक डिपो में अप्रैल में चरणबद्ध तरीके से 24 घंटे की भूख हड़ताल की जाएगी। अम्बाला डिपो में 16 अप्रैल को कर्मचारियों की मांगों को लेकर 24 घंटे की भूख हड़ताल की जाएगी। मौके पर डिपो कोषाध्यक्ष रमन दीपू कमेटी के नेता रवि शेरगढ़, पलविंदर सिंह, बच्चन सिंह ढूल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## फेस ऑथेंटिकेशन रद्द नहीं किया तो आंगनवाड़ी वर्कर करेंगी भूख हड़ताल

यमुनानगर, 10 मार्च (हप्र)

आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन ने एक वर्चुअल मीटिंग की जिसमें राज्य स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। मीटिंग में राज्य प्रधान कमलेश, राज्य महासचिव अनुपमा, चेयरपर्सन जगमती मलिक, प्रदेश प्रेस सचिव रितु गुप्ता शामिल रहीं। मीटिंग में फैसला लिया गया कि यदि सरकार फेस ऑथेंटिकेशन को 13 मार्च की मीटिंग के बाद रद्द नहीं करती तो हमें मजबूरन भिवानी में मंत्री कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठने का फैसला लेना पड़ेगा। सचिव रितु गुप्ता ने बताया कि सरकारने 6 मार्च की मीटिंग के बाद भी अब तक कोई फैसला नहीं किया, उल्टा प्रेशर बनाया जा रहा है। जबकि ये कहा गया था कि जब तक सरकार का कोई फैसला नहीं होता तब तक वर्करों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाया जाएगा। परंतु वर्करों पर जबरन दबाव बनाया जा रहा है, कार्य करने के लिए यहां तक की मानदेय काटने तक की भी धमकी दी जा रही है।

## 83 हजार रुपये ठगने के मामले में 3 साइबर ठग जोधपुर से गिरफ्तार

सिरसा, 10 मार्च (हप्र)

■ सिरसा की महिला ने दी थी साइबर थाने में शिकायत

साइबर धोखाधड़ी के मामले में संलिप्त 3 और आरोपियों को साइबर थाना पुलिस ने राजस्थान के जोधपुर से काबू किया है। जानकारी देते हुए साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए युवकों की पहचान वासुदेव निवासी मदेरना कॉलोनी कालका मंदिर जोधपुर, रणजीत सिंह उर्फ प्रिंस राजपुरोहित हाऊस नंबर 117 सी नजदीक कालका मंदिर जोधपुर व मयूरसेन निवासी देवरो की ढाणी गांव पलीना जिला फलोदी हाल मदेरना कॉलोनी जोधपुर राजस्थान के रूप में हुई है।

साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि सुनीता रानी पत्नी सुभाष चंद्र निवासी एडीसी कॉलोनी सिरसा ने पुलिस शिकायत में कहा था कि उसे एक कॉल आई थी कि आप घर बैठे वर्क फ्रॉम होम से लाखों रुपए कमा सकते हैं। टास्क पूरा करना होगा और मोटे मुनाफे के साथ बोनस भी मिलेगा। लालच में आकर उनकी वेबसाइट पर पंजीकरण करवा लिया और एक लॉगिन आईडी बनाकर 83 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में रुपये निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो और रुपये डालने की डिमांड की गई। जब उसने राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो वेबसाइट बंद हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में 12 अक्तूबर 2024 को साइबर ठगी का केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त 3 और आरोपियों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू कर उनकी निशानदेही पर 8500 रुपए व वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। मामले में अनुराग पुत्र परमेश्वर निवासी वार्ड 54 शिव नगर, थाना महामंदिर,जोधपुर राजस्थान को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## गांव चौटाला में नशे की ओवरडोज से एक की मौत, दूसरा उपचाराधीन

डबवाली, 10 मार्च (निस)

गांव चौटाला की सिखांवाली ढाणी में एक विवाह पार्टी के दौरान नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त एम्स बठिंडा में उपचाराधीन है। सदर पुलिस ने 4 लोगों पर केस दर्ज किया है। मृतक की शिनाख्त हुसैनप्रीत उर्फ काली के तौर पर हुई है। बता दें कि 8 मार्च को दिहाड़ी करने लखविंद्र सिंह उर्फ मिठा के भतीजे लवप्रीत सिंह की शादी थी। घर में पार्टी चल रही थी। तभी लखविंद्र को उसके दूसरे भतीजा हुसैनप्रीत व उसके दोस्त मलकीत वासी तेजाखेड़ा नशे की हालात में बाहर खेत में गिरे पड़े होने की सूचना मिली। दोनों को सरकारी अस्पताल चौटाला में ले जाया गया। वहां से दोनों को एम्स बठिंडा ले जाया गया। जहां हुसनप्रीत ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लखविंद्र सिंह की शिकायत पर बीएनएस धारा 105, 123 व 61 के अंतर्गत राम कुमार, विकाश, विजय व अमरदीप के विरूद्ध मुकद्दमा दर्ज कर लिया।

**खबर है...**

## गुरु नानक कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन

यमुनानगर के गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज के कार्यक्रम में भाग लेतीं छात्राएं व स्टाफ। -हप्र

**यमुनानगर (हप्र) :** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस यूनिट के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ। समारोह महाविद्यालय की निदेशिका डॉ. वरिंद्र गांधी तथा कार्यकारी प्राचार्या डॉ. नरिंद्र पाल कौर के मार्गदर्शन में हुआ। डॉ. वरिंद्र गांधी ने एनएसएस के स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए अपने वक्तव्य में उन्हें एनएसएस के अर्थ और मूल्यों के बारे में बताया। कार्यकारी प्राचार्या डॉ. नरिंद्र पाल कौर ने स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने को प्रेरित किया। शिविर में डॉ. शक्ति, डॉ. अमिता रेड्डू, डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, शर्मिला पुनिया, डॉ. अमनदीप कौर, करमजीत कौर ने स्वयंसेवकों को विभिन्न विषयों पर प्रेरित किया।

## न्यू हैप्पी स्कूल में सीबीपी प्रशिक्षण कार्यशाला

यमुनानगर के न्यू हैप्पी स्कूल के कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक एवं अतिथि। -हप्र

**यमुनानगर (हप्र) :** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा सक्रिय शिक्षण पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों में नवाचार लाना और छात्रों को अधिक प्रभावी एवं सहभागिता आधारित शिक्षा प्रदान करना था। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई द्वारा नियुक्त प्रमुख प्रशिक्षक कपिल बत्रा और काजल कंबोज द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को इंटरएक्टिव टीचिंग, प्रोजेक्ट-बेस्ड लर्निंग, गतिविधि आधारित शिक्षा और सहयोगी शिक्षण तकनीकों के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि सक्रिय शिक्षण छात्रों की शिक्षा को अधिक प्रभावी और सार्थक बनाता है। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने भी विचार साझा किए। अंत में प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया और शिक्षकों को प्रमाणपत्र दिए गए।

## राजकीय विद्यालय की महिला कर्मी सम्मानित

सीवन के राजकीय विद्यालय में महिलाओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि। -निस

**सीवन (निस) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में प्रधानाचार्य हरपाल सिंह की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह सिरोही व विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला हसला प्रधान राजीव मलिक व जिला महासचिव बिजेंद्र सिंह ने शिरकत की। मंच संचालन प्राध्यापिका वीनू शर्मा ने किया। मौके पर एनसीसी अधिकारी सचिन धीमान, रविंद्र कुमार व मीना ने अपने विचार साझा किए। सम्मान समारोह में मुख्यातिथि ने शिक्षिका वीनू देवी, सुनीता, महेश, मीना, ममता, अंजू, आईओएलएम सतविंदर कौर, एबीआरसी कुसुम, मिड-डे मिल कुक बबीता, अनिता, नैना, सुमन और बबली को सम्मानित किया। मौके पर पवन, नवजीत, मंजीत, राकेश, शमशेर, डीपीई शमशेर, भारत, जयगोपाल, राकेश, सुखवंत, नरेंद्र व संदीप ने सहयोग किया।

## डॉ. रामगोपाल ने 205वीं बार किया रक्तदान

**शाहाबाद मारकंडा (निस) :** शाहाबाद के राम गोपाल शर्मा जन कल्याण को समर्पित एक अनन्य समाजसेवी है। वह अब तक 205 बार स्वैच्छिक रक्तदान करके कई लोगों की जान बचा चुके हैं। 205वां रक्तदान आज उन्होंने मोहड़ी स्थिति आदेश अस्पताल में किया, जहां जीवन लाल को तुरंत रक्त की आवश्यकता थी। जब उनसे पूछा गया कि इतनी अधिक बार रक्तदान करने के कारण आप के स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव कैसा रहा तो उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ताउन्होंने युवा पीढ़ी को संदेश दिया कि सभी युवाओं को जरुरतमंद लोगों को रक्तदान की मदद करनी चाहिए।

शाहाबाद के अस्पताल में रक्तदान करते डॉ. राम गोपाल शर्मा। -निस

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महिला दिवस पर कार्यक्रम

# महिलाएं के नैतिक मूल्य समाज को सशक्त व समृद्ध बनाते हैं : सुमन सैनी

लाडवा , 10 मार्च (निस)

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुखधाम लाडवा द्वारा अनाज मंड़ी धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में पधारीं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी, लाडवा नगरपालिका की प्रधान साक्षी खुराना, पानीपत से पधारीं मुख्य वक्ता बीके सुनीता दीदी, शाहबाद से पहुंचीं बीके नीति दीदी के अलावा लाडवा व बाबैन केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी बीके ज्योति दीदी और गीता दीदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीके ज्योति बहन और गीता बहन ने पटका पहनाकर कर अतिथियों का सम्मान किया। सुमन सैनी ने कहा कि महिलाएं समाज की नींव होती हैं और उनके नैतिक मूल्य समाज को सशक्त एवं समद्ध बनाते हैं। महिलाओं की शिक्षा व जागरूकता से समाज मे समानता, न्याय और नैतिकता को बढ़ावा मिलता है। वे सामाजिक सुधार, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों में अहम भूमिका निभाती हैं। अंत में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने मुख्यातिथि को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया।

लाडवा में महिला दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं मुख्यातिथि सुमन सैनी। -निस

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

शाहाबाद मारकंडा, 10 मार्च (निस)

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस शिकायत में यूपी निवासी विपिन ने कहा कि बीते दिन वह और उसका चाचा जितेंद्र उर्फ जीतू कैंटर में लुधियाना से दिल्ली जा रहे थे। जब रात को कैंटर शाहाबाद से थोड़ा पहले अमन होटल के पास पहुंचा तो चाय पीने के लिए गाड़ी सर्विस रोड पर लगा दी और चाचा चाए लेने गए थे। जब वापस आए और कंटक्टर साइड से नीचे खड़े होकर चाय दे रहे थे तो एक कैंटर चालक ने टक्कर मार दी जिससे उसके चाचा सड़क पर गिर गए तथा कैंटर का अगला पहिला उनके ऊपर से गुजर गया।

## क्रिकेटर दीपेन्द्र 10 हजार व ट्रॉफी से सम्मानित

**नारायणगढ़ (निस):** ब्लू बेल्स स्कूल की क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी दीपेंद्र कुश को 10 हजार रुपए व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। दीपेंद्र ने प्रतिष्ठित कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट बीसीसीआई द्वारा आयोजित किया जाता है। दीपेंद्र ने अपने कौशल और लगन का परिचय देते हुए कर्नाटक के विरुद्ध 2 अर्धशतक बनाए व राजस्थान के खिलाफ अंडर-23 स्टेट ट्रॉफी में पहला शतक बनाया। प्रिंसिपल राजीव मेहता, सुबे सिंह और विनय दत्ता ने दीपेंद्र की उपलब्धियों की सराहना की।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. नं. | बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण | कार्य/ निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड/ निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरियाणा स्टेट फेडरेशन ऑफ कोआप्रेटिव शूगर मिल्ज लिमिटेड | वर्ष 2025-2026 हेतु इंश्योरेंस पॉलिसियों की खरीद। | 07.03.2025 19.03.2025 | 30 LACS EACH SUGAR MILL | haryanasugarfed.org.in | 9467006574 haryanasugarfed@gmail.com |

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें- www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2025/40/32699/I/11/4


# यमुना पुल के पास संगम घाट बनवाने की मांग

### वकीलों ने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

पानीपत,10 मार्च (हप्र)

यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट रतन सिंह रावल के नेतृत्व में सोमवार को वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने पानीपत में हरियाणा-यूपी बॉर्डर पर यमुना पुल के पास गंगा का पानी लाकर संगम घाट बनाने की मांग को लेकर लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के नाम उनके प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा को ज्ञापन सौंपा।

रतन सिंह रावल ने गजेंद्र सलूजा को बताया कि यूपी के शामली के गांव गंदेवड़ा में गंग नहर के माध्यम से गंगा का पानी आता है और हथिनी कुंड बैराज से पूर्वी यमुना नहर से यमुना का पानी आता है। दोनों पवित्र नदियों का पानी गंदेवड़ा में आकर मिलता है। यूपी सरकार ने वहां संगम घाट बनवाया हुआ है, जबकि यूपी के सहारनपुर से गंदेवड़ा के संगम घाट के पास से होते हुए एक नाला पानीपत-यूपी बॉर्डर पर यमुना पुल तक आता है। उसी नाले के माध्यम से गंगा का पानी पानीपत में यमुना पुल घाट तक आ सकता है। यहां यमुना पुल के पास संगम घाट बनने से हरियाणा समेत कई राज्यों के श्रद्धालु धार्मिक पर्वों पर स्नान कर सकेंगे। संगम घाट को बनवाने मे पानीपत के दानवीर भी मदद करेंगे। गजेंद्र सलूजा ने वकीलों के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मामले में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल से बातचीत करेंगे और यमुना पुल के पास संगम घाट बनाने को लेकर हर संभव प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सुभाष सैनी, एसपी अरोड़ा, रोशन लाल छौक्कर, शीशपाल, जसबीर भाटिया, रामप्रसाद जैन, कौसर अली पत्थरगढ़, बालेश गोस्वामी, नरेश दहिया, गौरव रावल, तुषार रावल, आशु कौशिक, कमल त्यागी व बलविंद्र सिंह, राममेहर कौशक व ओमदत्त आर्य मौजूद रहे।

पानीपत में ज्ञापन सौंपते रतन सिंह रावल, सुभाष सैनी व अन्य वकील। -हप्र

## कपड़ा एसोसिएशन नरवाना ने लगाया रक्तदान शिविर

नरवाना, 10 मार्च (निस)

कपड़ा एसोसिएशन नरवाना ने आर्य बॉयज स्कूल में रक्तदान शिविर लगाया जिसमें इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की टीम पहुंची। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिविल अस्पताल के डॉ. देवेंद्र बिंदलिश ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 70 लोगों ने रक्तदान किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष शाम मिगलानी ने बताया कि संस्था सामाजिक सेवा के साथ-साथ पर्यावरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। शिविर में सर्व विनोद अग्रवाल, बलराज गर्ग, सतपाल गर्ग, तरसेम गर्ग, राकेश दुरेजा, मनोज मित्तल, नरेश जिंदल, अमित मोनू, सुभाष शर्मा, संजीव जैन, अनिल बठला मौजूद रहे।

## पीएनबी रिटायर्ड एसो. ने की बैठक

**जगाधरी (हप्र) :** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायर्ड एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रामलीला भवन जगाधरी में हुई। एसोसिएशन की केंद्रीय इकाई के संगठन सचिव आरके वोहरा ने बताया कि दिल्ली से एसोसिएशन के मुख्य सलाहकार केडी खेड़ा व रोहतक से महासचिव एमएल अरोड़ा ने विशेष तौर पर भाग लिया। सभी जिलों से लगभग 77 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसोसिएशन के एडवाइजर केडी खेड़ा ने कहा कि सरकारी बैंकों के सेवानिवृत अधिकारी और कर्मचारी बेहद बदतर हालत में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, लेकिन सरकार पेंशनरों की बात तक नहीं सुन रही। इसी विषय को लेकर बार-बार जंतर मंतर पर और बैंक के हेड ऑफिस के बाहर धरने भी दिए गए। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को ऑल इंडिया बॉडी की बैठक में अगली रणनीति तय की जायेगी। बैठक में रमेश सैनी गुरुग्राम, आरसी यादव रेवाड़, वेद प्रकाश कुरुक्षेत्र, सिंदर मौजूद रहे।


**AUTHUM औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**

रजि. कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन प्वायंट, मुम्बई-400021,
शाखा कार्यालय : 1 ए, फर्स्ट फ्लोर, गोपाला टावर 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008

**कब्जा सूचना (सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 8 (2) के अनुसार)**

यतः सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13(12) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंसट्रक्शन आफ फायनांशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट एक्ट, 2002 के तहत औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") (रिलायंस कमर्शियल फायनेंस लिमिटेड (''RCFL'') से AIIL को एनसीएलटी के आदेश दिनांक 10.05.2024 द्वारा लैंडिंग बिजनेस के डीमर्जर करने के रिजिल्टिंग कंपनी) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें कर्जदार/सह कर्जदार को उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दर्शाई राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

कर्जदार/सह कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहे। अतः कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे अधोहस्ताक्षरी द्वारा दि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत प्रदान की गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित प्रापर्टी का वर्णित तिथि को कब्जा ले लिया गया है।

कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा जनता को सामान्य तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रापर्टी संबंधी कोई लेन-देन न करें और इस प्रापर्टी संबंधी कोई भी लेन-देन निम्नांकित राशि के लिए औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") के चार्ज पर आधारित होगा।

कर्जदार/सह-कर्जदार/ गिरवीदाता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को रिडीम करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में एक्ट की धारा-13 की उपधारा (8) की व्यवस्थाओं की ओर दिलाया जाता है।

| क्रमांक | कर्जदार/सह-कर्जदार का विवरण/लोन खाता नं. | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि/ कब्जे का स्टेटस | डिमांड नोटिस की राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RLALKNL000303607& RLALKNL000303905/ श्री सुरेश कुमार तथा श्री सूरत सिंह | 29th-Dec-2018 and 01st-Aug-2024 | 06.03.2025 Symbolic Possession | Rs. 50,12,373/-(Rupees Fifty Lac Twelve Thousand Three Hundred Seventy Three Only) and Rs. 1,01,98, 820/- (Rupees One Crore One Lac, Ninety Eight Thousand, Eight Hundred Twenty Only) |
| प्रॉपर्टी का विवरण : संपूर्ण प्रापर्टी, खेवट नं. 222, खाता नं. 278, खसरा नं. 227/3, Dhadoli रोड, पीलूखेड़ा, जिला जींद-126113, जिसकी सीमाएं साइट के अनुसार हैं : उत्तर : जगदीश, पूर्व : अन्य, दक्षिण : पवन कुमार, पश्चिम : गली। | | | | |

दिनांक : 11.03.2025 अधिकृत अधिकारी,
स्थान : जींद DI-28277 औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड।

**AUTHUM औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**

रजि. कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन प्वायंट, मुम्बई-400021,
शाखा कार्यालय : 1 ए, फर्स्ट फ्लोर, गोपाला टावर 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008

**कब्जा सूचना (सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) नियमों 2002 के अनुसार)**

जबकि निम्नांकित कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों/ मोर्टगेजरों ने औथम इनवेस्टमैंट एंड एन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (''AIIL'') (''NCLT'' आदेश दिनांक 10.05.2024 के तहत रिलायंस कमर्शियल फाइनांस लिमिटेड (RCFL) से AIIL में लैंडिंग बिजनेस के डीमर्जर करने के अनुसार रिजिल्टिंग कंपनी) से वित्तीय सहायता प्राप्त की गई थी। डीड आफ असाइनमेंट दिनांक 26 जून, 2023 के तहत तथा सिक्योरिटीजेशन ट्रांजैक्शन के हिस्से के तौर पर, कर्जदारों सहित इंडियन रिसीवेबल ट्रस्ट-19- फरवरी 2019 के कुछ फाइनांशियल एस्सेट्स/पोर्टफोलियो RCFL में ट्रांसफर किए गए थे। बाद में कुलेक्शन एंड सर्विसिंग एजेंट के एसबीएफसी फाइनांस लिमिटेड से RCFL में तबदील कर दिया गया था। हम स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद कर्जदार/गारंटर/गिरवीदाता निर्धारित तिथियों को ब्याज एवं मूल राशि का पुनः भुगतान करने में असफल रहे हैं। नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा जारी परिसम्पत्ति वर्गीकरण के सम्बंध में दिशा निर्देशों के अनुरूप AIIL की बुक्स में निम्न वर्णित तिथियों को खाते को बतौर नान परफार्मिंग एसेट वर्गीकृत कर दिया गया है, उक्त के फलस्वरूप AIIL के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 के तहत तथा सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम-3 के साथ सहपठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को डिमांड नोटिस जारी करते हुए निम्न कर्जदार/गारंटर/गिरवीदार को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित राशि पर अनुबंधित दर से भविष्य के ब्याज तथा आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज आदि सहित नोटिस में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए नोटिस वितरित हुए बिना वापस आ गए, इसलिए उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

| क्रम नं. | ऋण खाता नं./कर्जदार का नाम सह-कर्जदार | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि/ कब्जे की स्थिति | डिमांड नोटिस में राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RLELKNL000395562 पवन कुमार तथा सह-कर्जदार सुमन भारद्वाज, संदीप कुमार कौशिक तथा रीतू संदीप कुमार | 23rd-Sep-2024 | 06.03.2025 Symbolic Possession | Rs. 24,57,477/-(Rupees Twenty Four Lakh, Fifty Seven Thousand, Four Hundred Seventy Seven Only) |
| प्रॉपर्टी का विवरण : संपूर्ण प्रापर्टी/खेवट नं. 46, खाता नं. 59, गांव Todi Klieri, तहसील सफीदों, जिला जींद-126112 | | | | |
| 2. | RLELKNL000382944 श्री दीपक शर्मा/संतरा देवी एवं आरती | 21st-Oct-2024 | 06.03.2025 Symbolic Possession | Rs. 52,78,759/-(Rupees Fifty Two Lac Seventy Eight Thousand Seven Hundred Fifty Nine Only) |
| प्रॉपर्टी का विवरण : सम्पूर्ण प्रॉपर्टी '' प्लाट माप 14 मरले-04 सरसई, जो कि 130/5913 हिस्सा है- 32क-17 मरले कुल जमीन का, खेवट नं. 25, खाता नं. 37, कित्ते 6 में शामिल, गांव Todi Kheri, तहसील सफीदों, जिला जींद, हरियाणा में स्थित'' उत्तर : स्ट्रीट 37 फुट, दक्षिण : स्ट्रीट 57 फुट, पश्चिम : Ramjuari शर्मा का मकान 85 फुट, पूर्व : मेन रोड 83 फुट। | | | | |

दिनांक : 11.03.2025 अधिकृत अधिकारी,
स्थान : जींद DI-28280 औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड।

**pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat**

**परिशिष्ट –4–क** अचल सम्पत्ति,(यों)की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

**पंजीकृत कार्यालय : – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोन : – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com**
**करनाल शाखा:**–पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एससीओ 218–219, द्वितीय तल, सेक्टर 12, भाग 1, सिटी सेंटर हुडा, करनाल – 132001

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्यभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्यभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अ